एनी ओकले

अचूक निशानेबाज़



एरिक ब्लेर

एनी ओकले का जन्म 1860 में हुआ था.
उनका असली नाम फोबे ऐन मोसी था.
वो एक प्रतिभाशाली शार्पशूटर
(अचूक निशानेबाज़) थीं.
वो पहली अमेरिकी महिला सुपरस्टार
बनीं. 1926 में एनी की मृत्यु हुई.

जब एनी ओकली पांच साल की थीं,

तब उसके पिता की मृत्यु हो गई.




एनी भले ही छोटी थीं, लेकिन उनकी आंखों की रोशनी बहुत पैनी थी.

अपने परिवार को खिलाने में मदद करने के लिए, एनी ने शूटिंग सीखी.



लोगों ने उनके द्वारा शिकार किए जानवरों को खरीदा.



एनी ने उससे इतना पैसा कमाया कि वो अपनी मां के लिए एक फार्म खरीद पाईं.




जब एनी केवल सोलह वर्ष की थीं,
तब उन्होंने पहली बार एक शूटिंग
प्रतियोगिता में भाग लिया.



एनी ने एक प्रसिद्ध निशानेबाज फ्रैंक बटलर
के खिलाफ शूटिंग की.



फ्रैंक छोटी लड़की पर हँसे, लेकिन एनी ने सभी पच्चीस लक्ष्यों पर सही गोली मारी. उनका निशाना अचूक था.



लेकिन फ्रैंक चूक गए. फ्रैंक प्रतियोगिता हार गए, लेकिन उन्होंने एनी का दिल जीत लिया. जल्द ही दोनों ने शादी की.



फ्रैंक और एनी अलग-अलग शो के लिए ट्रिक शूटिंग करने लगे.

एनी का कौशल देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते थे.



एक शूटिंग चुनौती में एनी को गोली मारकर
कुत्ते के सिर से एक सेब गिराना था.



एनी पीछे की ओर देखकर भी निशाना साध सकती थी और वो चलती हुई चीज़ों पर भी निशाना लगा सकती थी.




वो अपने लक्ष्य को आइने में देखती थी.



एनी को एक और ट्रिक बेहद पसंद थी.

वो हवा में उछाले गए सिक्के शूट करती थी.



कभी-कभी, एनी घोड़े की सवारी

करते हुए भी शूटिंग करती थी!



एनी की पसंदीदा ट्रिक थी
ताश के पत्तों को शूट करना.

जमीन पर गिरने से पहले वो ताश के
पत्ते में छह छेद कर सकती थीं!



एनी तमाम ट्रिक्स जानती थीं और उनके बहुत सारे दोस्त थे. यहां तक कि प्रसिद्ध सिओक्स इंडियन चीफ - सिटिंग बुल भी उनके दोस्त थे.



सिटिंग बुल ने उन्हें "लिटिल श्योर शॉट" का खिताब दिया.



थोड़ी देर के बाद, एनी बफ़ेलो बिल के,
वाइल्ड-वेस्ट शो में शामिल हो गईं.




फिर एनी ओकले एक स्टार बन गई.



एनी ने पूरी दुनिया का दौरा किया.

एनी के दौरों ने उन्हें मालामाल और प्रसिद्ध बनाया.



एनी अपने पैसों को लेकर काफी उदार थीं.
एक बार, उन्होंने टेक्सास में सभी बच्चों
के लिए आइसक्रीम खरीदी.



एनी ओकली छोटी थीं,
लेकिन उनका दिल बहुत बड़ा था.



समाप्त